सोमवार
08 जुलाई 2024



पृष्ठ 4
आपके होंठों को स्वस्थ और खूबसूरत बनाए..



पृष्ठ 5
मोनालिसा ने साड़ी में कराया फोटोशूट..



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 154
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

कविता गाकर रिझाने के लिए नहीं समझ कर खो जाने के लिए है।
— रामधारी सिंह दिनकर

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# बारिश से हुआ लोगों का जीवन मुहाल

## ●लाल कुआं रेलवे स्टेशन जलमग्न, ट्रेनों की आवाजाही रुकी

विशेष संवाददाता

देहरादून। राज्य में बीते 48 घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण पहाड़ वासियो का जनजीवन थम सा गया है। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा खास तौर पर कुमाऊँ मंडल के सभी जिलाधिकारियों से वर्चुअली वार्ता कर सभी विभागों को अलर्ट रहने को कहा गया है।



❑भूस्खलन से सड़के बंद, जगह-जगह यात्री फंसे
❑सीएम धामी बोले जान-माल की सुरक्षा सर्वोच्च

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिए हैं कि वह कहीं से भी आपदा की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। उनका कहना है कि लोगों की जान माल की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि कुमाऊँ मंडल के 6 जिलों सहित राज्य के नौ जिलों में भारी से भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

खास बात यह है कि बीते दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण राज्य की तमाम नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच चुका है वहीं भूस्खलन के कारण राज्य के तमाम नेशनल हाईवे व स्टेट हाईवे से लेकर संपर्क मार्ग बंद हो जाने से आवागमन ठप हो गया है। चारधाम यात्रा को रोके जाने के बावजूद भी जो यात्री धामों में थे उनकी वापसी सड़कों के बंद होने के कारण मुश्किल हो रही है तथा उन तक खाना और जरूरी सामान पहुंच पाना भी मुश्किल हो गया है।

नैनीताल और हल्द्वानी से तबाही की तस्वीर सामने आई है यहां गौला नदी के रौद्र रूप ले लेने से हल्द्वानी रेलवे स्टेशन को भी खतरा पैदा हो गया है तथा लाल कुआं रेलवे स्टेशन जलमग्न हो गया है तथा काठगोदाम और शताब्दी सहित सभी गाड़ियों को रोक दिया गया है। भारी बारिश के कारण टिहरी का इंटरनल स्टेडियम तालाब में तब्दील हो चुका है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें लगातार जगह-जगह फंसे लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकालने में जुटी हुई है। वहीं भूस्खलन व बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाने का काम जारी है। ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# थम गया चुनाव प्रचारः मतदान 10 को, मतगणना 13 को

विशेष संवाददाता

देहरादून। राज्य की दो विधानसभा सीटों के लिए 10 जुलाई को मतदान होना है, चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज भारी बारिश और खराब मौसम के बीच भी नेता अपने-अपने प्रत्याशियों के लिए प्रचार अभियान में जुटे नजर आए। मुख्यमंत्री भी आज भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भंडारी के समर्थन में प्रचार करने चमोली पहुंचे जहां उन्होंने जनसभाएं की और बद्रीनाथ तथा मंगलौर दोनों ही सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों की जीत का दावा किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मंडल पोखरी और वैरागनी में जनसभाओ को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ही आपको विकास की गारंटी दे सकती है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार ने उत्तराखंड में जो विकास किया है वह पहले किसी ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि

❑चुनाव पर दिख रहा है बारिश का असर

भंडारी आपके लिए कोई नए व्यक्ति नहीं है। वह आपके बीच रहकर पहले भी काम करते रहे हैं और क्षेत्र के लोग उनके काम से परिचित है।

उधर आज मंगलौर में भी भाजपा और कांग्रेस द्वारा अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया गया। राज्य में हो रही लगातार बारिश के कारण हालांकि प्रत्याशी चुनाव प्रचार के लिए पूरा समय न मिल पाने से नाखुश जरूर है। इन दोनों ही सीटों के लिए 10 जुलाई को मतदान होना है तथा 13 जुलाई को नतीजे आ जाएंगे। भले ही यह चुनाव मंगलोर क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत मुश्किल न हो क्योंकि ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

## बिहार में बिजली गिरने से पिछले 24 घंटे में 12 लोगों की मौत हुई



नई दिल्ली। बिहार के सात जिलों में पिछले 24 के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर 12 लोगों की मौत हो गई है । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वज्रपात से हुई इन मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि आपदा की इस घड़ी में वह प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर जमुई और कैमूर में तीन-तीन, रोहतास में दो, सारण, सहरसा, भोजपुर और गोपालगंज में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई है। नीतीश कुमार ने मृतक के परिजनों को आज ही चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी तरह से सतर्कता बरतें, वज्रपात से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सुझावों का अनुपालन करें, खराब मौसम के दौरान घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

## हेमंत सोरेन ने साबित किया बहुमत, पक्ष में पड़े 45 वोट

नई दिल्ली। विधानसभा चुनाव से पहले हेमंत सोरेन ने बाजी मार ली है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 45 विधायकों के वोट के साथ विश्वास मत जीत लिया है। 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में महागठबंधन के पास 45 विधायक हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के पास 27, कांग्रेस के पास 17 और राजद के पास 1 विधायक है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को राज्य विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश किया था। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने विश्वास प्रस्ताव पर बहस के लिए एक घंटे का समय आवंटित किया है। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में 45 विधायकों ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। निर्दलीय सदस्य



सरयू राय ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायकों ने विश्वास मत हासिल करने का भरोसा जताया है। हेमंत सोरेन ने अपने पूर्ववर्ती चंपई सोरेन के पद से हटने के एक दिन बाद, चार जुलाई को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। भाजपा के नेतृत्व वाले विपक्ष के पास 30 सदस्य हैं। लोकसभा चुनाव के बाद सदन की कुल सदस्य संख्या भी घटकर 76 हो गई है। बहुमत का आंकड़ा घटकर 38 रह गया है। विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद हेमंत सोरेन अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकते हैं। पूर्ववर्ती चंपई सोरेन के पद से हटने के एक दिन बाद 4 जुलाई को हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। भूमि श्घोटालेश से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने के बाद हेमंत सोरेन को 28 जून को जेल से रिहा कर दिया गया था। 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने से कुछ समय पहले उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। झारखंड में 81 सदस्यीय विधानसभा में वर्तमान में 76 विधायक हैं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# मौसम की मार

जून माह में पूरा देश जिस तरह से भीषण गर्मी की मार झेल रहा था और निरंतर चढ़ता पारा रिकॉर्ड तोड़ता जा रहा था तथा हीट वेव से लोग मर रहे थे वह हैरान करने वाला था, लेकिन जुलाई माह शुरू होने के पहले ही प्री मानसूनी बारिश के बाद मानसूनी बारिश अब कहर बनकर टूट रही है व जनजीवन पर भारी पड़ती जा रही है। एक और जहां उत्तराखंड सहित पूरे देश में झमाझम बारिश से तबाही का मंजर बना हुआ है वहीं अब नेपाल में हुई बारिश का पानी बिहार और उत्तर प्रदेश में बड़ी तबाही मचाने को तैयार है। भू वैज्ञानिक और मौसम विशेषज्ञों द्वारा सालों से जिस ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन को लेकर विश्व के सभी राष्ट्रों को अलर्ट किया जा रहा था अब उसके नतीजे रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और अतिवृष्टि के रूप में मुंह बाएं खड़े हैं। हमने आमतौर पर देखा है कि जब भी किसी तरह की प्राकृतिक आपदा का किसी भी देश को सामना करना पड़ता है तो शासन-प्रशासन भी यह कहकर हाथ झाड़ लेता है कि यह तो एक प्राकृतिक आपदा है इसमें कोई क्या कर सकता है भले ही यह एक बड़ी सच्चाई सही, लेकिन क्या इन प्राकृतिक आपदाओं को हम मनुष्यों द्वारा ही अपने कृत्यों से आमंत्रित नहीं किया जाता? हम अगर बात उत्तराखंड और हिमाचल जैसे हिमालयी राज्यों की करें जहां हर साल 2 साल के अंतराल पर अब हमें बड़ी प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है तो क्या हम इस बात को नकार सकते हैं कि इन राज्यों में होने वाला अनियोजित विकास इसके लिए जिम्मेदार नहीं है? बीते साल हिमाचल में मानसूनी आपदा के कारण जो भारी नुकसान हुआ था उसकी भरपाई अभी तक नहीं हो सकी है। बीते साल उत्तराखंड में मानसून काल में जो सड़के पुल व पुलिया टूट गए थे वह अभी तक नहीं बन सके हैं। मालन नदी पर कोटद्वार में बना पुल इसका उदाहरण है यहां जो वैकल्पिक पुल बनाया गया था वह भी अब टूट गया है जिससे भाबर घाटी का संपर्क टूट गया है। बीते साल नैनीताल के जिस जिस क्षेत्र में भूस्खलन से कुछ मकान ढह गए थे उनका ट्रीटमेंट न हो पाने के कारण आज 40 परिवारों को अपने घर छोड़ने पर विवश होना पड़ा है। अभी तो मानसून की शुरुआत ही है। अल्मोड़ा-रामनगर को जोड़ने वाला पुल पानी की भेंट चढ़ चुका है। पिथौरागढ़ में बनी 9 झीलों सहित 13 ऐसी झीले बन चुकी है जो बड़े खतरे की घंटी है। राज्य की 200 से अधिक सड़कों पर भूस्खलन के कारण आवाजाही ठप हो चुकी है। स्कूल-कॉलेज बंद है चारधाम यात्रा को भी फिलहाल रोक दिया गया है। लोगों को सलाह दी जा रही है कि जहां है वहीं रहे ऋषिकेश से ऊपर तो कदाचित भी न जाए। राज्य के 9 जिलों में अभी भी भारी बारिश होने की संभावना है। पहाड़ दरक रहे हैं, लोग मर रहे हैं। जनजीवन अस्त-व्यस्त है और आदमी इसके बीच लाचार व मजबूर है।

## गुप्त नवरात्रि पूजा अनुष्ठान में दूसरे दिन हुआ श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ

देहरादून (कासं)। गुप्त नवरात्रि पूजा अनुष्ठान के द्वितीय दिवस माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव देहरादून में आयोजित विशेष गुप्त नवरात्रि पूजा अनुष्ठान में दूसरे दिन ब्राह्मणों द्वारा श्री दुर्गा सप्तशती पाठ किया गया। प्रातः विशेष पूजा अर्चना के साथ सायंकाल माता रानी का विशेष श्रृंगार और आरती की गई। मंदिर के संस्थापक आचार्य डा0बिपिन जोशी ने बताया नवरात्री साल में चार बार आती हैं, ज्यादा प्रचलन मे बासांतिक और शारदीय नवरात्रि हैं किंतु गुप्त नवरात्रि में किए गए पूजा अनुष्ठान का फल कोटि गुना बढ़ जाता है। आज के कार्यक्रम में आचार्य डा. बिपिन जोशी, डा. मथुरा दत्त जोशी, आचार्य विकास भट्ट, पण्डित अनुसूया प्रसाद पंत,भगवती जोशी, गीता जोशी, गणेश बिजलवान, हर्षपति रयाल आदि का विशेष सहयोग रहा।

## बच्चे की मौत की हो उच्च स्तरीय जांचःशर्मा

देहरादून (सं)। महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने मांग की है कि प्रेमनगर के दशहरा मैदान में गडढे में गिरने से हुई बच्चे की मौत की उच्च स्तरीय जांच हो। आज महानगर कांग्रेस देहरादून के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने बयान जारी कर सरकार से मांग करते हुए कहा कि महानगर के अन्तर्गत प्रेमनगर क्षेत्र में दशहरा मैदान में निर्माणाधीन स्टेडियम में गड्ढों से हुई बच्चे की मौत पर अभी तक जांच नहीं हो पाई है। उन्होंने बच्चें की मौत की जांच की मांग की। लालचन्द शर्मा ने अजबपुर क्षेत्र में मिनी स्टेडियम जो कि 10 वर्ष से ज्यादा निर्माणाध ीन है उसको शीघ्र ही तैयार करवाये जाने की मांग की। लालचन्द शर्मा ने मांग की कि शहर में नवनिर्मित नालों को खुदाई के बाद शीघ्र ही भरा जाए ताकि लोगो को आवाजाही में परेशानियों का सामना न करना पडें इसके साथ ही स्मार्ट सिटी के कार्यों की उच्चस्तरीय जांच हों। शर्मा ने मांग की कि महानगर शहर में सड़कों पर जहाँ जहाँ गढडे हो रखे हैं जिनमें बरसात के मौसम में पानी भर जाता पानी भरने के कारण शहर में डेगूं जैसी भयानक बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है ऐसे गढडों को तुरन्त भरा जाए इसके साथ ही शहर में नियमित रूप से फॉगिंग करवाये जाने की व्यवस्था भी शुरू की जाए।

# वन महोत्सव पर क्लीन एण्ड ग्रीन एन्वायरमेंट समिति ने किया वृक्षारोपण

संवाददाता

देहरादून। वन महोत्सव पर क्लीन एण्ड ग्रीन एन्वायरमेंट समिति ने सुद्धोवाला के कक्ष संख्या 2 के वन क्षेत्र में वृक्षारोपण किया।

आज यहां क्लीन एण्ड ग्रीन एन्वायरमेंट समिति द्वारा वन महोत्सव 2024 के अवसर पर सुद्धोवाला के कक्ष संख्या 2 के वन क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पिलखन, बहेड़ा, बांस, जामुन, शीशम, आंवला इत्यादि के 100 से अधिक वृक्ष लगाए गए और साथ ही वन कर्मचारियों को लगाए गए वृक्षों की देखभाल किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। समिति द्वारा इस वर्ष 2024 के मानसून सत्र में 1500 से अधिक वृक्ष पूरे देहरादून में लगाने का रखा गया है। पिछले कुछ समय से देहरादून में वृक्षों का दोहन विकास के नाम पर किया जा रहा है। कभी सड़को के चौड़ीकरण के नाम पर हजारों वृक्षों की बलि दे दी जाती है तो कभी किसी अन्य विकास के नाम पर। सरकार कभी ये नहीं सोचती की अगर ये वृक्ष ही ना रहे, तो उत्तराखंड किस




दिशा में चला जायेगा और इसकी मनमोहक सुंदरता पूर्ण रूप से समाप्त हो जायेगी। उत्तराखंड की इसी सुंदरता को बचाने की मुहिम हमारी समिति क्लीन एण्ड ग्रीन एन्वायरमेंट ने छेड़ रखी है और लगातार पिछले 11 वर्षों से वृक्षारोपण कार्य पूरे देहरादून में समिति द्वारा किए जा रहे है। समिति द्वारा किए गए प्रथम वृक्षारोपण अभियान में छोटे छोटे बच्चो ने अपना विशेष योगदान प्रदान किया और प्रकृति को बचाने में अपनी विशेष भूमिका निभाई। इस अवसर मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष आर्येद्र शर्मा भी मौजूद रहे और उन्होंने समिति द्वारा पर्यावरण को बचाने के प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राम कपूर, अमरनाथ कुमार, अमित चौधरी, राजेश बाली, जे पी किमोठी, रणदीप अहलूवालिया, शंभू शुक्ला, दीपक वासुदेव, सुमित खन्ना, प्रदीप रावत, दिवाकर नैथानी, प्रवीण शर्मा, मनीष खत्री, मंजुला रावत, सोनिया, संदीप मेंहदीरत्ता, कपिल कौशिक, सोनू वीर जी, सुनील बब्बर, प्रकृति जमलोकी, ज्योति चौधरी, नितिन कुमार, भूमिका दुबे, गगन चावला, विश्वास दत्त, अनुराग शर्मा, आयुष जमलोकी, छोटे बच्चो में हृदय, रेयाँश, अदिति, अमुल्या, प्रखर, सुंदर, नमित तथा झाझरा वन प्रभाग के वन दरोगा, संदीप बिष्ट, वन आरक्षी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने किया क्रिश्चियन समुदाय की महिलाओं को सम्मानित



संवाददाता

देहरादून। पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने क्रिश्चियन महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि पार्टी प्रत्येक समाज के लोगों का सम्मान करती है।

आज यहां ऑल इंडियन कांग्रेस संगठन की एक बैठक चर्च रोड भारुवाला ग्राट में आयोजित की गई। जिसमें क्रिश्चियन समुदाय की महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया तथा समाज में अच्छे कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर अतिथि के रूप में पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा मौजूद रहे। लालचंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर समाज के लोगों का सम्मान करती है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पीयूष गौड ने कहा कि क्रिश्चियन समुदाय की महिलाएं हर क्षेत्र में समाज के लिए एक उदाहरण है निस्वार्थ काम करना उनकी पहचान है। इस अवसर पर क्रिश्चियन समुदाय की अनीता लिंडा, सेलिना, प्रीति इक्का, कैटरीना सिलवटी, बबली देवी, शांति देवी, विलियम सिंह बिना विलियम, चंदू विधि, तथा संगठन के ललित थापा डबर राई, छोटेलाल गौतम, भूपेंद्र ध ीमान, अकरम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मिनर्वा कॉलेज में संपन्न हुई लोक कला कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मिनर्वा इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी देहरादून के ललित कला विभाग के तत्वाधान में 15 दिवसीय लोक कला कार्यशाला का समापन समारोह आयोजित किया गया। 15 दिन चलने वाली इस कला कार्यशाला के संरक्षक और मिनर्वा कॉलेज के चेयरमैन श्री पी.के. जैन जी ने सभी विषय विशेषज्ञों और विद्यार्थियों को बध ाई दी और उनकी उत्कृष्ट कृति के लिए मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

कार्यक्रम के संयोजक एवं मिनर्वा कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर ओम प्रकाश मिश्रा ने 15 दिवसीय लोक कला कार्यशाला को सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु समस्त विषय विशेषज्ञ एवं ललित कला विभाग के विद्यार्थियों को बधाई दी और शुभकामनाएं ज्ञापित करते हुए आदरणीय संरक्षक जैन सर के प्रति आभार व्यक्त किया। इस लोक कला कार्यशाला को चार भागों में विभाजित किया गया था जिसमें चार प्रमुख लोक शैलियों (मधुबनी, फड़,पिछवई और वर्ली )में चित्रों का निर्माण सामूहिक रूप से करना था । जिसके लिए प्रत्येक समूह को एक विषय विशेषज्ञ प्रदान किया गया ।जिसके अंतर्गत विद्यार्थी उक्त शैली का प्राकृतिक और खनिज रंगों के प्रयोग के प्रयोग के साथ-साथ पारंपरिक शैली में प्रशिक्षण प्राप्त कर सके। इसमें विषय विशेषज्ञ सपना कुमारी के मार्गदर्श में मधुबनी चित्र शैली के चित्र का चित्रण किया गया जिसका विषय था छठ पूजा। दूसरा चित्र फड़ लोक शैली में मिस शालिनी भंडारी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने चित्रित किया । तीसरा चित्र पिछवई लोक शैली में चित्रित किया गया जिसकी विषय विशेषज्ञ मिस दिया रही। चतुर्थ चित्र वर्ली पेंटिंग रही इसके विषय विशेषज्ञ शमशेर वारसी जी रहेइन विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों में इन लोक शैली की पारंपरिक चित्रात्मक विधि को एवं उसके प्रतिको को समझा और आत्मसात किया। इस कार्यशाला में प्रत्येक शैली को तीन-तीन दिन प्रदान किए गए जिसमें विद्यार्थी पारंपरिक तरीके से चित्रों के आधार का निर्माण करना उनका रेखांकन और रंगांकन की पारंपरिक विध ि को समझेऔर ग्रहण किया । इस कला कार्यशाला में ललित कला विभाग के अनीश, अंशिका,नेहा, दीक्षा ,निशा, गुरलीन,अरविंद, अंकुश आशीष साक्षी, माहिया, नेहा शर्मा ,मोनिका इत्यादि छात्र-छात्राओं ने इस लोक कला कार्यशाला में प्रतिभाग किया।

डॉक्टर ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि भारत की कला और संस्कृति लोक कला में सहज रूप से प्रकट होती है। भारत की लोक कला विश्व की समस्त कलाओं में अपनी श्रेष्ठता और सृजनशीलता के लिए विश्व विख्यात है। मिनर्वा कॉलेज समय-समय पर इस प्रकार की कार्यशाला और ब्याख्यान आयोजित करता रहता है। जिससे विद्यार्थियों का कौशल विकास होता रहे।

# धरती का प्रलय बाढ़ से नहीं आसमान से बरसती आग से!

प्रमोद भार्गव

इस बार वैश्विक गर्मी चरम पर है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार बीते वर्ष और पिछले दशक ने धरती पर आग बरसाने का काम किया है।

अमेरिका की पर्यावरण संस्था वैश्विक विटनेस और कोलंबिया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में पाया है कि तेल और गैस के अधिकतम मात्रा में उत्पादन से ये हालात पैदा हुए हैं। यदि इन ईधनों के उत्सर्जन का यही हाल रहा तो 2050 तक गर्मी चरम पर होगी।

गर्मी से जीव-जगत की क्या स्थिति होगी? अनुमान लगाना भी मुश्किल है। बढ़ते वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं की संख्या और तीव्रता में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। इसीलिए कहा जा रहा है कि धरती पर पलय बाढ़ से नहीं, आसमान से बरसती आग से आएगी। धरती के जीव-जगत पर करीब तीन दशक से जलवायु परिवर्तन के वर्तमान और भविष्य में होने वाले संकटों की तलवार लटकी हुई है। संकट से निपटने के उपायों को तलाशने के लिए 198 देश



जलवायु सम्मेलन करते हैं। इन सम्मेलनों का प्रमुख लक्ष्य रहा है कि दुनिया उस रास्ते पर लौटे, जिससे बढ़ते वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक स्थिर रखा जा सके लेकिन जो संकेत मिल रहे हैं, उनसे स्पष्ट है कि कुछ सालों के भीतर गर्मी तापमान की इस सीमा का उल्लंघन कर लेगी क्योंकि इस बार तीन सप्ताह से लगातार गर्मी का तापमान 40 से 55 डिग्री तक बना रहा। दिल्ली में तापमान 52.9 डिगी तक पहुंच चुका है। सऊदी अरब में भीषण गर्मी के चलते 1000 से ज्यादा हज यात्रियों की मौत हुई है।

इस कदर गर्मी का अनुमान पर्यावरणविद् ने पहले से लगा लिया था। इनकी सलाह पर 100 से ज्यादा देश 2030 तक दुनिया की नवीनीकरण योग्य ऊर्जा को बढ़ाकर तीन गुना करने के प्रयास में जुटे हैं। इसके अंतर्गत अक्षय ऊर्जा के प्रमुख स्रोत सूर्य, हवा और पानी से बिजली बनाने के उपाय सुझाए गए हैं। पर्यावरणविद् के मुताबिक, सदी के अंत तक पृथ्वी की गर्मी 2.7 प्रतिशत बढ़ जाएगी। नतीजतन, पृथ्वीवासियों को तबाही का सामना करना पड़ेगा।

इस मानव निर्मित वैश्विक आपदा से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन, जिसे कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी/कॉप) के नाम से भी जाना जाता है, में पेरिस समझौते के तहत वायुमंडल का तापमान औसतन 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम रखने के प्रयास के प्रति भागीदार देशों ने वचनबद्धता भी जताई। लेकिन लंबे समय से चल रहे रूस और यूक्रेन तथा इस्राइल और फिलिस्तीन युद्ध के चलते नहीं लगता कि कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को जो बढ़ावा दिया जा रहा है, वह स्थिर रह पाएगा क्योंकि जिन देशों ने वचनबद्धता निभाते हुए कोयला से ऊर्जा उत्सर्जन के जो संयंत्र बंद कर दिए थे, उनमें से कई रूस ने चालू कर लिए हैं।

नवम्बर, 2021 में ग्लासगो वैश्विक सम्मेलन में तय हुआ था कि 2030 तक विकसित देश और 2040 तक विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन में कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे यानी 2040 के बाद थर्मल पावर अर्थात ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाएगा। तब भारत-चीन ने पूरी तरह कोयले पर बिजली उत्पादन पर असहमति जताई थी, लेकिन 40 देशों ने कोयले से पल्ला झाड़ लेने का भरोसा दिया था। 20 देशों ने विश्वास जताया था कि 2022 के अंत तक कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्रों को बंद कर दिया जाएगा परंतु उपरोक्त युद्धों के चलते अनेक देशों ने अपने थर्मल पावर बंद नहीं किए हैं।

बदलते हालात में हमें जिंदा रहना है तो जिंदगी जीने की शैली को भी बदलना होगा। तापमान में वृद्धि को पूर्व औद्योगिक काल के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है तो कार्बन उत्सर्जन में 43 प्रतिशत कमी लानी होगी। आईपीसीसी ने 1850-1900 की अवधि को पूर्व औद्योगिक वर्ष के रूप में रेखांकित किया है। इसे ही बढ़ते औसत वैश्विक तापमान की तुलना के आधार के रूप में लिया जाता है।

गोया, कार्बन उत्सर्जन की दर नहीं घटी और तापमान में 1.5 डिग्री से ऊपर चला जाता है तो असमय अकाल, सूखा, बाढ़ और जंगल में आग की घटनाओं का सामना निरंतर करते रहना पड़ेगा। बढ़ते तापमान का असर केवल धरती पर होगा, ऐसा नहीं है। समुद्र का तापमान भी बढ़ेगा और कई शहरों के अस्तित्व के लिए समुद्र संकट बन जाएगा। दुनिया में बढ़ती कारें भी गर्मी बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण बनती जा रही हैं। 2024 में वैश्विक स्तर पर कारों की संख्या 1.475 बिलियन आंकी जा रही है या प्रत्येक 5.5 व्यक्ति पर एक कार है, जो प्रदूषण फैलाने का काम कर रही हैं। इन पर भी नियंत्रण जरूरी है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# स्लो रनिंग के हैं ढ़ेर सारे फायदे, जानिए



चुस्त-दुरुस्त और सेहतमंद रहने के लिए रनिंग सबसे अच्छी एक्सरसाइज में से एक है। कई लोग सुबह-सुबह रनिंग करने निकलते हैं। कुछ लोग तेज दौड़ लगाते हैं और कुछ धीरे-धीरे दौड़ते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि दोनों में से कौन ज्यादा बेहतर है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि स्लो रनिंग भी बेहद फायदेमंद है। धीरे दौडने से दिल और दिमाग दोनों की सेहद सुधरती है। इससे मोटापे से राहत मिल सकती है। आइए जानते हैं स्लो रनिंग के फायदे।।।

धीरे दौडऩे क्यों फायदेमंद

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, धीमी गति से दौडऩा सिर्फ शारीरिक ही नहीं मानसिक तौर पर भी फायदा पहुंचाता है। स्लो रनिंग से कैलोरी आसानी से बर्न हो सकती है। इससे इंजरी का खतरा भी नहीं रहता है। सबसे खास बात है कि स्लो रनिंग ज्यादा देर तक कर सकते हैं। इससे ज्यादा दूरी भी तय कर सकते हैं।

दिल की सेहत के लिए जबरदस्त है स्लो रनिंग

एक्सपर्ट्स के अनुसार, स्लो रनिंग कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ के लिए जबरदस्त है। नियमित तौर पर धीरे दौडऩे से दिल की बीमारियों का खतरा कम रहता है। इससे हार्ट की हेल्थ बूस्ट हो जाती है। हेल्दी लोगों का दिल स्लो रनिंग से काफी हेल्दी रहता है। इसे लेकर डॉक्टर की सलाह भी लेना चाहिए।

स्लो रनिंग से ये भी फायदे

स्लो रनिंग से हाई कोलेस्ट्रॉल और डायबिटीज का खतरा कम हो सकता है।

धीरे दौडऩे से ब्लड प्रेशर की समस्या भी खत्म हो सकती है। हाई बीपी के मरीज को नियमित तौर पर स्लो रनिंग करनी चाहिए। इससे बीपी कंट्रोल में रहता है।

तनाव और एंजायटी की समस्या भी स्लो रनिंग से दूर हो सकती है।

धीमी गति से दौडऩे से जॉइंट्स और मसल्स पर कम तनाव पड़ता है, जिससे इंजरी का रिस्क भी कम हो जाता है।

स्लो रनिंग ओवरऑल हेल्थ के लिए बेहतर होती है। हालांकि, किसी गंभीर बीमारी में रनिंग से पहले डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

# कमल हासन इंडियन 2 में सेनापति बन छा गए

कमल हासन जैसे-जैसे अपने करियर में आगे बढ़ रहे हैं, वह अपने किरदारों के साथ एक्सपेरिमेंट करने में जरा भी पीछे नहीं हट रहे हैं। उनकी दो आगामी फिल्मों को लेकर फैंस में काफी उत्सुकता है।

एक तरफ उनकी फिल्म कल्कि-2898 एडी जहां सिनेमाघरों में जल्द ही दस्तक दे चुकी है और अच्छा बिजनेस कर रही है, तो वहीं उनकी तमिल फिल्म इंडियन-2 भी रिलीज के लिए तैयार है। इंडियन 2 को हिंदी ऑडियंस के लिए हिंदुस्तानी-2 के टाइटल के साथ रिलीज किया जाएगा।

कल्कि की एक्साइटमेंट के बीच अब हाल ही में मेकर्स ने हिंदुस्तानी 2 का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसको देखने के बाद निश्चित तौर पर आप कमल हासन के अभिनय की तारीफ करते हुए नहीं थकेंगे।

एस शंकर के निर्देशन में बनी हिंदुस्तानी 2 12 जुलाई 2024 को थिएटर में रिलीज होगी। पिछले दिनों मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर शुरू कर दिया है, जिससे नजरें हटाना वाकई मुश्किल है। इस ट्रेलर की शुरुआत होती है देश में चल रहे करप्शन की शिकायतों के साथ, जहां लोगों को ये कम्प्लेन तो होती है कि ये सिस्टम ठीक करने वाला कोई नहीं है, लेकिन उसे ठीक करने के लिए कोई एक कदम भी नहीं उठाता है।

तभी एंट्री होती है सेनापति की, जो सिस्टम में मौजूद लोगों को कभी प्यार से तो कभी अपनी मार से सुधारने का जिम्मा उठाता है। ट्रेलर में कमल हासन का धांसू ट्रेलर भी देखने को मिल रहा है। 2 मिनट 37 सेकंड का ये ट्रेलर ही लोगों को सिनेमाघरों तक खींचकर लाने में सक्षम है। आपको बता दें कि हिंदुस्तानी-2 कमल हासन की इंडियन का सीक्वल है, जिसमें करप्शन को मिटाने के लिए एक्टर क्या-क्या करते हैं, यह दिखाया जाएगा। कमल हासन के अलावा इस मूवी में रकुल प्रीत सिंह और रंग दे बसंती एक्टर सिद्धार्थ भी नजर आएंगे। ये फिल्म 12 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म की विदेशों में एडवांस बुकिंग पहले ही शुरू हो चुकी है।

# सेहतमंद रहना है तो कच्चा दूध पीने से बचें



दूध पोषण का खजाना माना जाता है। इसमें कैल्शियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन और कई तरह के मिनरल्स होते हैं। दूध पीने से हड्डियां और मसल्स मजबूत होते हैं। दूध पचने में आसान होता है, इसलिए इसे किसी समय पी सकते हैं। दूध ठंडा भी पी सकते हैं और गर्म भी। हालांकि, बहुत से लोग कच्चा दूध पीना पसंद करते हैं।

हालांकि, इसके कई नुकसान हो सकते हैं। दूध को बिना उबाले पीने से कई साइड इफेक्ट्स देखने को मिल सकते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कच्चा दूध पीने से क्यों मना किया जाता है।


दूध उबालने के बाद उसका पोषण बदल जाता है। उबलाने के बाद दूध में मौजूद मिनरल्स और विटामिन्स का ब्रेकडाउन होता है। इससे दूध पचाना आसान हो जाता है। उबालने से दूध में मिलने वाले बैक्टीरिया भी समाप्त हो जाते हैं, इसलिए दूध को उबालकर ही पीने की सलाह दी जाती है। कई एक्सपर्ट्स का कहना है कि दूध को हमेशा उबालने के बाद ही इस्तेमाल करना चाहिए।

नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन के एक अध्ययन में बताया गया है कि गाय का कच्चा दूध हमेशा 95ए सेल्सियस टेंपरेचर पर ही उबालकर पीना चाहिए। इससे उसमें मौजूद बैक्टीरिया पूरी तरह खत्म हो सकता है। इससे फूडबोर्न डिजीर का रिस्क भी बेहद कम हो जाता है और यह दूध शरीर में सही तरह लगता भी है।

दूध में लैक्टोज नाम के कार्ब्स पाए जाते हैं। जब दूध को उबालते हैं तो लैक्टोज में बदलाव होने लगता है और लैक्टुलोज नाम के एक शुगर में बदल जाता है। इस शुगर के कारण से उबले हुए दूध को पचाने में कच्चे दूध की तुलना में बहुत ज्यादा आसान होता है। इसलिए दूध को कच्चा नहीं उबालकर पीना चाहिए।

# स्टेबिन बेन और नीति मोहन का नया रोमांटिक सॉन्ग चाहूं हुआ रिलीज

पिछले माह सिंगर स्टेबिन बेन और नीति मोहन का नया रोमांटिक सॉन्ग चाहूं रिलीज हो चुका है। यह गाना दिल को छू जाएगा। गाना 3 मिनट 21 सेकंड का है, जो लव फीलिंग को बाहर लाता है। यह आपको फिर से प्यार में पड़ने पर मजबूर कर देगा। म्यूजिक वीडियो की शूटिंग बर्फीले पहाड़ियों की वादियों में की गई है। इसमें स्टेबिन के साथ एक्ट्रेस सरगुन कौर लूथरा नजर आ रही हैं।




बता दें कि सरगुन ने 2०17 में टीवी के थ्रिलर शो काल भैरव रहस्य से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वह कलर्स के हॉरर शो तंत्र, स्टार प्लस के शो ये हैं चाहतें में दिखाई दी। चाहूं सॉन्ग को हर्ष करगेती ने कंपोज किया है। वहीं स्टेबिन और नीति ने गाने में अपनी आवाज दी है।

गाने के बारे में बात करते हुए, स्टेबिन ने कहा, चाहूं के लिए नीति और हर्ष के साथ काम करना मजेदार एक्सपीरियंस रहा। यह हमारा पहला कोलैबोरेशन है। यह इस सीजन के लिए परफेक्ट लव सॉन्ग बन गया है। मुझे वाकई उम्मीद है कि सभी को यह ट्रैक पसंद आएगा और वे इस पर कुछ दिलचस्प रील बनाएंगे।

वहीं नीति ने कहा, मैं चाहूं गाने को लेकर बहुत एक्साइटेड हूं। यह एक खूबसूरत गाना है। साथ ही, स्टेबिन के साथ पहली बार गाना और उनके साथ मिलकर काम करना शानदार अनुभव है। कंपोजर हर्ष और राइटर समय ने भी बेहतरीन काम किया है। यह वीवाईआरएल ऑरिजिनल्स के साथ मेरा पहला सॉन्ग है। इस गाने को रील्स पर पहले ही शानदार रिस्पांस मिल रहा है। मुझे उम्मीद है कि हर कोई इस गाने को उतना ही एन्जॉय करेगा जितना हमने इसे रिकॉर्ड करते समय किया है। यह गाना वीवाईआरएल ऑरिजिनल्स के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।

बात करें स्टेबिन बेन के मशहूर गानों की तो, रुला के गया इश्क, बारिश बन जाना, मेरे महबूब, दुआ करो, दिल लाया दिमाग लाया, एक तू ही तो है, दीवाना, समझ न पाओगे, थोड़ा थोड़ा प्यार, जिए तो जिए कैसे 2.० जैसे सुपरहिट सॉन्ग्स शामिल हैं। वहीं नीति मोहन के बारे में बात करें तो उन्होंने कई हिट गाने दिए हैं, जिसमें मेरी जिंदगी है तू, चल तेरे इश्क में, नैनोवाले ने, फर्स्ट क्लास, कश्मीर मैं तू कन्याकुमारी, दर्द दिलों के, खींच मेरी फोटो, बैंग बैंग आदि शामिल है।

# वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

वरुण धवन को आखिरी बार फिल्म बवाल में देखा गया था, जिसमें उनके काम की खूब तारीफ हुई। यह फिल्म बीते साल 21 जुलाई को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। अब वरुण फिल्म बेबी जॉन में नजर आएंगे, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैंइसके निर्देशन की कमान एटली ने संभाली है, जिन्होंने बीते साल शाहरुख खान के साथ फिल्म जवान दी थी।अब निर्माताओं ने बेबी जॉन की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है।

उन्होंने कैप्शन में लिखा, इस साल क्रिसमस और भी मजेदार हो गया है। 25 दिसंबर को बेबी जॉन की रिलीज़ के लिए तैयार हो जाइए।

यह फिल्म अभिनेत्री कीर्ति सुरेश की हिंदी फिल्म डेब्यू है और इसमें वामिका गब्बी भी हैं, जो सिल्वर स्क्रीन पर डेब्यू कर रही हैं। एक्शन एंटरटेनर में जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव जैसे नाम भी शामिल हैं। फिल्म का संगीत एस थमन ने दिया है।

बेबी जॉन इस साल क्रिसमस (25 दिसंबर) के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी।फिल्म से वरुण की नई झलक सामने आ गई है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है।एटली ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, फिल्म बेबी जॉन 25 दिसंबर को दुनिया भर में रिलीज़ हो रही है। इस साल क्रिसमस और भी मजेदार हो गया है। बेबी जॉन के लिए तैयार हो जाइए।बेबी जॉन में वामिका गब्बी और कीर्ति सुरेश जैसी अभिनेत्रियां भी नजर आएंगी।(आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन

# आपके होंठों को स्वस्थ और खूबसूरत बनाए रखने में मदद कर सकते हैं लिप मास्क



होंठों के रूखेपन के कारण लिपस्टिक भी ढंग से नहीं लग पाती और फटे होंठों की स्थिति तो काफी कष्टदायक होती है। ऐसे में होंठों की देखभाल पर अतिरिक्त ध्यान देना महत्वपूर्ण हैइसके लिए सप्ताह में 2-3 बार होंठों पर स्क्रब के साथ लिप मास्क का इस्तेमाल जरूर करें।आइए आपको घर पर ही लिप मास्क बनाने के कुछ तरीके बताते हैं, जो आपके होंठों को स्वस्थ और खूबसूरत बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।

स्ट्रॉबेरी, शहद और जैतून के तेल का लिप मास्क

होंठों खूबसूरत गुलाबी बनाने के लिए स्ट्रॉबेरी, शहद और जैतून के तेल का लिप मास्क बनाकर इस्तेमाल करें।लाभ के लिए 1 स्ट्रॉबेरी को मैश कर लें, फिर इसमें 1 चम्मच शहद और जैतून का तेल मिलाएं।अब इस मिश्रण को होंठों पर 1० मिनट के लिए लगाकर धो लेंस्ट्रॉबेरी में विटामिन-ष्ट और एंटी-ऑक्सीडेंट होता है, जो आपके होंठों की मरम्मत करने के साथ-साथ प्राकृतिक रूप से गुलाबी बनाते हैं।

गुलाब और दूध का लिप मास्क

इसके लिए गुलाब की कुछ पंखुड़ियों को थोड़े-से दूध के साथ एक मिक्सी में पीस लें।अब इस मिश्रण को थोड़ी देर तक होंठों पर रगड़ें और फिर होंठों को गुनगुने पानी से धोकर लिप बाम लगा लेंइस लिप मास्क से होंठों को प्राकृतिक निखार मिलेगा और यह किसी भी तरह के संक्रमण से आपके होंठों को बचाए रखने में भी मददगार हैयहां जानिए होंठ को मोटा बनाने के घरेलू नुस्खे।

शहद, नींबू और कच्ची चीनी का लिप मास्क

शहद, नींबू और कच्ची चीनी का लिप मास्क होंठों से रूखी त्वचा को हटाता है और उन्हें नमी प्रदान कर सकता हैलाभ के लिए 2 चम्मच शहद, 1 चम्मच कच्ची चीनी और नींबू के रस को मिलाकर इस मिश्रण को अपने होंठों पर 3 मिनट तक धीरे-धीरे मालिश करेंइसके बाद इसे 5 मिनट तक लगा रहने दें, फिर पानी से धो लेंइस लिप मास्क के इस्तेमाल से आपके होंठ अधिक सुंदर और आकर्षित होते हैं।



नारियल तेल और कच्ची चीनी का लिप मास्क

नारियल तेल और कच्ची चीनी के लिप मास्क से डेड स्किन सेल्स को दूर करने और होंठों की नमी बरकरार रहती हैलाभ के लिए 1 चम्मच नारियल तेल में 1 चम्मच कच्ची चीनी मिलाएं, फिर इस मिश्रण को अपने होंठों पर धीरे-धीरे से मलेंइस लिप मास्क के इस्तेमाल से होंठ मुलायम और हाइड्रेटेड हो सकेंगे, साथ ही इसे बनाना भी बहुत आसान हैयहां जानिए होंठों के लिए लाभदायक स्क्रब।

एलोवेरा और ब्राउन शुगर का लिप मास्क

यह लिप मास्क होंठों को मुलायम और चमकदार बनाने में मदद कर सकता हैलाभ के लिए 2 चम्मच एलोवेरा जेल और 1 चम्मच ब्राउन शुगर को एकसाथ मिलाएं, फिर इसे होंठों पर लगाकर धीरे-धीरे स्क्रब और मालिश करें। इसको कुल 15 मिनट तक लगा रहने दें, फिर पानी से धो लेंयह लिप मास्क होंठों की रूखी त्वचा को स्क्रब करता है और उन्हें हाइड्रेट बनाए रख सकता है।(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -134


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 133 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

# वरुण शर्मा की फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब को मिली रिलीज तारीख

इनदिनों नेटफ्लिक्स पर कई फिल्में और सीरीज आ रही है। वहीं अब आप एक दिल टूटे आशिक की दास्तां और उसके दोस्तों की कहानी का जल्द ही मजा लें सकते हैं। बॉलीवुड एक्टर वरुण शर्मा की अपकमिंग फिल्म है वाइल्ड वाइल्ड पंजाब। इसकी रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। वाइल्ड वाइल्ड पंजाब का मजा दर्शक सिनेमाघरों में नहीं बल्कि ओटीटी पर उठा पाएंगे। दरअसल यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज की जाएगी। नेटफ्लिक्स ने खास जानकारी शेयर की। इंस्टाग्राम पर इसका पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है कि, चार दोस्त, एक लंबा सफर और एक्स को आई एम ओवर यू बोलने की कोशिश। एक वाइल्ड वाइल्ड सवारी के लिए खुद को तैयार रखें।

वाइल्ड वाइल्ड पंजाब नाम की यह फिल्म रिलीज के लिए तैयार खड़ी है। नेटफ्लिक्स ने पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। वरुण की यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 1० जुलाई को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के डायरेक्टर हैं सिमरप्रीत सिंह। जबकि इसे लव रंजन और अंकुर गर्ग ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। सबसे पहले आपको बता दें कि चार दोस्तों की कहानी वाली यह एक कॉमेडी फिल्म होने वाली है। वरुण शर्मा के होने के चलते फिल्म में कॉमेडी का भरपूर डोज देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी एक दिल टूटे आशिक और उसके दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमेगी। अब तक आपने दोस्ती और दिल टूटे आशिक पर बेस्ड कई फिल्में देखी होगी लेकिन अब तैयार हो जाइए वाइल्ड वाइल्ड पंजाब के लिए। इसकी कहानी भी कुछ इसी तरह की है। 1० जुलाई 2०24 से इसे घर बैठे आप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे। वाइल्ड वाइल्ड पंजाब एक मल्टीस्टारर फिल्म होगी। नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली इस फिल्म में बॉलीवुड के जाने-माने एक्टर वरुण शर्मा अहम रोल में नजर आने वाले हैं। उनके अलावा इस फिल्म का हिस्सा सन्नी सिंह, मनजोत सिंह, जस्सी गिल, इशिता राज और पत्रलेखा भी है। फिल्म में वरुण शर्मा खन्ने नाम का किरदार निभाएंगे। उनका किरदार फिल्म का मुख्य किरदार है। इसमें खन्ने का ब्रेकअप हो जाएगा। इसके बाद उनके दोस्त सनी सिंह, मनजोत सिंह और जस्सी गिल फन्ने को ब्रेकअप के दर्द से निकालने में उनकी मदद करेंगे और सभी 'ब्रेक-अप ट्रिप' पर निकल जाएंगे।

# बॉक्स ऑफिस पर चंदू चैंपियन ने वीकेंड पर लगाई लंबी छलांग

कार्तिक आर्यन की 'चंदू चैंपियन' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इस फिल्म को दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। हालांकि फिल्म की शुरुआत धीमी हुई थी लेकिन उसके बाद इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली और अब ये जमकर कमाई कर रही है। खासतौर पर वीकेंड पर 'चंदू चैंपियन' की परफॉर्मेंस जबरदस्त रही है। 'चंदू चैंपियन' सिनेमाघरों में 14 जून को रिलीज हुई थी। ये फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट मुरलीकांत पेटकर की बायोपिक है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन की दमदार परफॉर्मेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। फिल्म की कहानी भी बेहद पसंद की जा रही है। 'चंदू चैंपियन' ने स्लो स्टार्ट की थी लेकिन इस फिल्म ने रिलीज के पहले हफ्ते में अच्छा कारोबार कर लिया था। 'चंदू चैंपियन' कबीर खान द्वारा निर्देशित और साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान द्वारा जॉइंटली प्रोड्यूस की गई फिल्म है। इस मूवी में कार्तिक आर्यन के अलावा विजय राज, भुवन अरोड़ा और यशपाल शर्मा सहित कई कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया है।

# महाराज में सरप्राइज फैक्टर कहलाना मेरे लिए खुशी की बात: शरवरी

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म महाराज में एक्टर जुनैद खान के साथ काम कर रहीं एक्ट्रेस शरवरी ने कहा कि वह अपने आप को सरप्राइज फैक्टर मानकर खुश हैं। फिल्म में अतिथि भूमिका निभाने वाली शरवरी ने कहा, मैं यह पढ़कर बहुत रोमांचित हूं कि लोग मुझे महाराज का एक बड़ा सरप्राइज फैक्टर कह रहे हैं। एक कलाकार के तौर पर मैं अपनी हर भूमिका और फिल्?म के जरिए दर्शकों पर एक खास प्रभाव डालना चाहती हूं, इसलिए मैं किसी फिल्म में सरप्राइज फैक्टर होने के लिए सभी तारीफों को खुशी और विनम्रता से स्वीकार करूंगी। एक्ट्रेस ने कहा, इस बात का मतलब यह है कि मेरे प्रदर्शन ने एक बड़ा प्रभाव छोड़ा है। मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करती हूं। मैं अपनी हर फिल्म को कुछ बड़ा और बेहतर करने के तौर पर देखती हूं। शरवरी बेहद खुश हैं। एक ही महीने में मुंज्या और महाराज रिलीज हुई है। एक्ट्रेस ने कहा, पेशेवर तौर पर यह महीना मेरे लिए बहुत बढ़िया रहा है। अपने करियर की दूसरी ब्लॉकबस्टर फिल्म मुंज्या मिलना वाकई में ही एक अद्भुत एहसास है। दिलचस्प बात यह है कि लोगों को फिर से लगा कि मैं फिल्म का सरप्राइज फैक्टर हूं और यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। आगे कहा, इसके अलावा महाराज के लिए मुझे जो प्यार मिल रहा है, वह भी एक अविश्वसनीय एहसास है। किसी भी फिल्म में सरप्राइज फैक्टर कहलाना एक बहुत बड़ी तारीफ है। शरवरी अगली बार मशहूर फिल्म निर्माता निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी फिल्म वेदा में नजर आएंगी। उन्हें आदित्य चोपड़ा की स्पाई वर्स में आलिया भट्ट के साथ भी कास्ट किया गया है। शरवरी ने कहा कि वह अपने हर किरदार में कुछ अलग लाने के लिए बहुत मेहनत करती हैं और उनके लिए मान्यताएं बहुत फायदेमंद हैं।

# मोनालिसा ने साड़ी में कराया फोटोशूट, दिखीं खूबसूरत



भोजपुरी इंडस्ट्री की टॉप अभिनेत्रियों में से एक मोनालिसा आए दिन अपनी हॉट और ग्लैमरस फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कर हमेशा सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो हमेशा अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से इंटरनेट का तापमान बढ़ा देती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी बेहद खूबसूरत तस्वीरें इंटरनेट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना लुक देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी हॉटनेस का जलवा फैंस के बीच बिखेर कर अक्सर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।

उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। अब हाल ही में मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं।

इन तस्वीरों में उनका ट्रेडिशनल लुक देखकर फैंस आहें भरते हुए नजर आ रहे हैं। उनका ये स्टनिंग अवतार लोगों को दीवाना कर रहा है।

इन तसवीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने रेड कलर की बनारसी साड़ी पहनी हुई है।

माथे पर बिंदी, कानों में इयररिंग्स और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी अच्छी खासी है। एक्ट्रेस की इन फोटोज में शोख अदाओं को देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के दीवाने हो गए हैं। मोनालिसा के वर्कफ्रंट की बात करें दतो उन्हें आखिरी बार टीवी सीरियल बेकाबू में देखा गया था। इससे पहले वो स्टार प्लस के पॉपुलर शो नजर का भी हिस्सा रह चुकी हैं।

# पति मजहर सईद के साथ काम करके खुश हैं मौली गांगुली



एक्ट्रेस मौली गांगुली ने शो जननी - एआई की कहानी में पति मजहर सईद के साथ काम करने को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि लगभग दो दशकों के बाद फिर से साथ काम करना एक ताजगी भरा अनुभव है।

शो में इरा शर्मा की भूमिका निभाने वाली मौली ने अपने पिछले सहयोगों के बारे में बात करते हुए कहा, लगभग दो दशक बाद फिर से साथ काम करना ताजगी भरा अनुभव है। कहीं किसी रोज में हम एक दूसरे के अपोजिट नहीं थे, इसलिए यह अनुभव बिल्कुल नया और रोमांचक है।

इस बार वह पर्दे पर एक ऐसे जोड़े की भूमिका निभा रहे हैं जो उनके पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में एक अनोखी गतिशीलता जोड़ देगा।

मौली ने इस अनुभव के बारे में अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वह वास्तव में इसका आनंद ले रही हैं। पर्दे के पीछे और पर्दे पर दोनों की केमिस्ट्री ने उनके किरदारों में प्रामाणिकता जोड़ दी है, जिससे यह शो दर्शकों के लिए और भी अधिक आकर्षक बन गया है।

जीवनसाथी के साथ काम करना एक अनोखा अनुभव हो सकता है और मौली और मजहर के लिए यह किसी आनंद से कम नहीं है।

साक्षी, आठवां वचन और लागी तुझसे लगन में अपने काम के लिए मशहूर मौली ने कहा, यह वाकई में सुकून देने वाला है क्योंकि साथ आना, साथ में घर जाना और साथ में समय बिताना बहुत मजेदार है। वरना हम लोग आम तौर पर एक-दूसरे की सेट की कहानियां शेयर करते थे।

इससे पहले वह डांस रियलिटी शो नच बलिए 4 में नजर आए थे। इसमें उनकी मजबूत साझेदारी और केमिस्ट्री को दिखाया गया था। यह जोड़ा 2०1० में शादी के बंधन में बंधा था।

इस शो में मजहर ने विराट शर्मा की भूमिका निभाई है। इसके अलावा इसमें प्राप्ति शुक्ला, नितिन गुलेरिया, सुमित कौल, प्रियांक ततारिया और आशिका भाटिया भी हैं।

एमएजे प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, जननी -एआई की कहानी दंगल टीवी पर प्रसारित हो रहा है।

मौली इससे पहले बाल शिव-महादेव की अनदेखी गाथा, जमाई राजा, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की, आसमान से आगे और मानो या ना मानो 2 जैसे टेलीविजन शो में नजर आ चुकी हैं।

# महंगाई से लडने की कोशिश

सतीश सिंह

महंगाई और विकास के बीच संतुलन साधने के लिए मौद्रिक नीति समिति ने अपनी समीक्षा में रेपो दर को 6.5 प्रतिशत के दर पर यथावत रखा है। इसके पहले फरवरी, 2023 में इसमें बढ़ोतरी की गई थी। भारतीय रिजर्व बैंक मुख्य तौर पर रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है।

जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता है, जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे न होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है और वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है, जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है। इसी तरह अर्थव्यवस्था में नरमी रहने पर विकासात्मक कायरे में तेजी लाने के लिए बाजार में मुद्रा की तरलता बढ़ाने की कोशिश की जाती है और इसके लिए भी रेपो दर में कटौती की जाती है, ताकि बैंकों को रिजर्व बैंक से सस्ती दर पर कर्ज मिले और सस्ती दर पर कर्ज मिलने के बाद बैंक भी ग्राहकों को सस्ती दर पर कर्ज दें।

मौजूदा समय में महंगाई दर सरकार और रिजर्व बैंक के लिए चिंता का सबब है। केयर एज रेटिंग के अनुसार कर्ज दर के नरम नहीं होने के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 में ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत के आसपास रही है, और वित्त वर्ष 2024-25 में इसके 14 से 14.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। ऐसी स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहद सकारात्मक है। हालांकि, इसे अपवाद वाली स्थिति कहा जा सकता है। बहरहाल, कर्ज देने की रफ्तार में तेजी बनी रहने के कारण आर्थिक गतिविधियों और विकास दर, दोनों में तेजी आ रही है।

इसी वजह से रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने विकास अनुमान को 7.00 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। वित्त वर्ष 2023-2024 की चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 रही जबकि पिछले साल की समान तिमाही में 6.1 प्रतिशत रही थी। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही जो रिजर्व बैंक के अनुमान से 1.2 प्रतिशत अधिक है यानी रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 7 प्रतिशत लगाया था। पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत रही थी। सांख्यिकी मंत्रालय के अनुसार विनिर्माण और खनन के क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन से आलोच्य अवधि में विकास दर तेज रही। विनिर्माण क्षेत्र में 9.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में माइनस 2.2 प्रतिशत रही थी। खनन क्षेत्र में वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 7.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 1.9 प्रतिशत रही थी। उल्लेखनीय है कि विनिर्माण क्षेत्र रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खुदरा महंगाई अभी भी चिंता की बात है।

मई महीने में थोक महंगाई बढ़कर 15 महीनों के ऊपरी स्तर 2.61 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई जबकि फरवरी, 2023 में यह 3.85 रही थी। वहीं, अप्रैल 2024 में यह 1.26 प्रतिशत रही जो 13 महीने का उच्चतम स्तर था। मार्च, 2024 में यह 0.53 रही और फरवरी महीने में 0.20 प्रतिशत। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने 12 जून, 2024 को खुदरा महंगाई का आंकड़ा जारी किया था, जिसके अनुसार मई महीने में खुदरा महंगाई 4.75 प्रतिशत रही जो 12 महीने का निचला स्तर था। अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई में कुछ कमी आई थी, लेकिन वह मई महीने से थोड़ी अधिक 4.83 प्रतिशत के स्तर पर थी। जून, 2023 में खुदरा महंगाई 4.81 प्रतिशत थी जबकि जुलाई, 2023 में यह 4.44 प्रतिशत रही थी। महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर या खरीदने की क्षमता से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6 प्रतिशत है, तो अर्जित किए गए 100 रुपये का मूल्य सिर्फ 94 रुपये होगा।

इसलिए महंगाई के स्तर के अनुरूप निवेशकों को निवेश करना चाहिए अन्यथा उन्हें प्रतिफल कम मिलेगा। महंगाई का बढ़ना-घटना उत्पाद की मांग-आपूर्ति पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो ज्यादा उत्पाद खरीदेंगे और ज्यादा उत्पाद खरीदने से मांग बढ़ेगी और मांग के मुताबिक आपूर्ति नहीं होने पर उत्पादों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह, बाजार महंगाई के दुष्चक्र में फंस जाएगा। बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या उत्पाद की कमी महंगाई का कारण बनता है। वहीं, अगर मांग कम होगी और आपूर्ति ज्यादा होगी तो महंगाई कम होगी। ग्राहक खुदरा बाजार से सामान खरीदते हैं और बाजार में मौजूद उत्पादों की कीमत में हुए बदलाव को मापने का काम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) करता है।

उत्पाद और सेवाओं के लिए जो औसत मूल्य चुकाया जाता है, सीपीआई उसी को मापता है। कच्चे तेल, उत्पादों की कीमतों, निर्माण की लागत के अलावा कई अन्य चीजें भी होती हैं, जो खुदरा महंगाई दर को तय करने में अहम भूमिका निभाती हैं। वर्तमान में लगभग 300 उत्पाद ऐसे हैं, जिनकी कीमतों के आधार पर खुदरा महंगाई दर तय होती है। इस तरह, किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा, दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीददारी क्षमता कम हो जाती है, और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग कम होती है। फिर, उनकी बिक्री कम हो जाती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है, आदि। इससे आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं, और विकास की गति बाधित होती है।

विगत कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद ऋण वितरण में तेजी है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे, ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। एचएसबीसी इंडिया का पीएमआई आंकड़ा मई, 2024 में 57.5 प्वॉइंट रहा, जो अप्रैल, महीने में 58.8 प्वॉइंट था, वहीं, कंपोजिट पीएमआई मई, 2024 में 60.50 प्वॉइंट था, जो अप्रैल 2024 में 61.50 प्वॉइंट रहा था। आंकड़ों से साफ है कि आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनी हुई है। भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के बावजूद चिंताजनक स्तर पर है। इसलिए, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा गया है। महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील है, और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है, ताकि आम आदमी को परेशानी भी नहीं हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे।

## सू- दोकू क्र.134

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.133 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## शेख हसीना का आना कई मायनों में सुकूनकारी

भारत में नई सरकार के गठन के बाद भारत की द्विपक्षीय राजकीय यात्रा पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना आना कई मायनों में सुकूनकारी है।

उनकी यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के दरम्यान के घनिष्ठ संबंधों को और आगे बढ़ाना है। दोनों देशों ने समुद्र क्षेत्र समेत कई अन्य अहम क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए दस समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें डिजिटल क्षेत्र में संबंध प्रगाढ़ करने व हरित साझेदारी के साथ समुद्र विज्ञान, स्वास्थ्य व चिकित्सा, आपदा प्रबंधन व मत्स्य पालन भी इसमें शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा नए क्षेत्रों में सहयोग के वास्ते भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण तैयार किया है, जिससे दोनों देशों के युवाओं को लाभ मिलेगा। हसीना ने भारत को विसनीय मित्र बताते हुए 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत सरकार व भारतीयों के योगदान को याद किया। भारत की पड़ोसी पहले की नीति के तहत बांग्लादेश महत्त्वपूर्ण भागीदार है। दोनों देश जल्द नई रेल सेवा व बस सेवा भी चालू करने पर सहमत हैं। पंद्रह दिनों के भीतर हसीना का यह दूसरा भारत दौरा है।

कहा जा रहा है, इस करीबी से चीनी सरकार चिंतित हो सकती है। हालांकि बांग्लादेश के चीन के साथ भी अच्छे संबंध हैं। वह कच्चे माल के मामले में उसका प्रमुख व्यापारिक साझेदार है। इसके बाद हसीना चीन भी जा रही हैं, परंतु भारत ने भी पिछले आठ वर्षो में बांग्लादेश के बुनियादी ढांचे के विस्तार में मदद के लिए आठ मिलियन डॉलर का कर्ज दिया है। 2022-23 के दौरान दोनों देशों के दरम्यान 15.9 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ, जिसके मौजूदा वर्ष में तीव्र गति से बढने की उम्मीद है। गौर करने वाली बात है कि बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा डेवलपमेंट पार्टनर भी है। हालांकि दोनों ही देश जलवायु परिवर्तन के बदलावों के चलते जनसांख्यकीय व आर्थिक उथल-पुथल झेल रहे हैं। और ये मसले वाकई दोनों ही देशों के लिए परेशानी का सबब हैं। इस समझौते को विकसित भारत 2047 व स्मार्ट बांग्लादेश 2041 के व्यापक दृष्टिकोण से देखा जा रहा है।

बांग्लादेशी नौजवानों के लिए भारत सिर्फ बेहतरीन जीवन व रोजगार की स्वप्नगाह भर नहीं है। बल्कि एक छोटे से देश का सामर्थ्यवान हमसाया होने का फर्ज निभा कर भारत अपना बड़प्पन भी बखूबी दर्शा रहा है। साथ ही वह प्रमुख एशियाई देश होने का गौरव भी प्राप्त करते हुए दुश्मनी साधने वाले पाकिस्तान को आईना भी दिखा सकता है।( आरएनएस)

## बैड न्यूज में दिखेगी विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की तिकड़ी



आने वाले दिनों में पर्दे पर कई नई जोडियां देखने को मिलेंगी। उन्हीं में से एक है विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की जोड़ी, जो जल्द ही फिल्म बैड न्यूज में नजर आएगी।बीते दिन फिल्म का नया पोस्टर सामने आया था, जो बेहद दिलचस्प था। पिछले माह 28 जून को फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था। बैड न्यूज में विक्की अखिल चड्ढा, तृप्ति सलोनी और एमी गुरबीर पाजी का किरदार निभाते नजर आ रहे हैं। तृप्ति ने जहां फिल्म में ग्लैमर का तडक़ा लगाया है, वहीं विक्की और एमी के साथ उनका रोमांस भी देखने को मिल रहा है।नेहा धूपिया भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। इस फिल्म की कहानी भी गुड न्यूज की तरह एक बच्चे के इर्द-गिर्द रची गई है।

इस कॉमेडी फिल्म का नाम पहले मेरे महबूब मेरे सनम रखा गया था। बाद में निर्माताओं ने इसका नाम बदलकर बैड न्यूज कर दिया।इशिता मोइत्रा और तरुण डुडेजा ने मिलकर इस फिल्म को लिखा है, वहीं निर्देशक आनंद तिवारी और निर्माता करण जौहर हैं।फिल्म को वास्तविक घटना से प्रेरित बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि बॉलीवुड में अभी तक ऐसी कोई फिल्म नहीं बनी हैं।यह फिल्म अगले महीने 19 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी।

विक्की पीरियड ड्रामा फिल्म छावा में भी नजर आएंगे। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना उनकी पत्नी बनी हैं। फिल्म लव एंड वॉर भी उनके पास है, जिसमें उनके साथ पहली बार रणबीर कपूर और आलिया भट्ट स्क्रीन साझा करते दिखेंगे।तृप्ति को जल्द ही कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म भूल भुलैया 3 और राजकुमार राव के साथ फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में देखा जाएगा।दूसरी ओर एमी फिल्म खेल खेल में अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगे।

करण के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बैड न्यूज के अलावा कई फिल्में बन रही हैं।एक तरफ आलिया की जिगरा पर करण काम कर रहे हैं, वहीं अक्षय कुमार की शंकरा और सिद्धांत चतुर्वेदी की धडक़ 2 भी उनके पास है।

सरजमीं, नादानियां, सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी और द बुल के निर्माता भी करण ही हैं।इसके अलावा एक स्पाई कॉमेडी फिल्म में करण अभिनेता आयुष्मान खुराना और सारा अली खान को साथ ला रहे हैं।

# कांग्रेसियों ने फूंका शहरी विकास मंत्री का पुतला

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला पर मुकदमा दर्ज कराने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का पुतला फूंका।



आज यहां ऋषिकेश में कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला के खिलाफ मुकदमा दायर किये जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष डॉ जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में एस्ले हॉल चौक पर प्रदर्शन किया और शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का पुतला फूंका। गोगी ने कहा कि कांग्रेस नेता रमोला ने मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के विधानसभा क्षेत्र में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सबूतों के साथ सवाल उठाया। बरसात के मौसम में जब उत्तराखंड के शहर जलमग्न हो रहे हैं, जगह जगह दुर्घटनाएं हो रही हैं, मंत्री को और प्रशासन को डिवाइडर और अन्य निर्माण कार्यों की जांच करवानी चाहिए थी, उल्टे कांग्रेस नेता पर ही ठेकेदार के माध्यम से मुकदमा दर्ज करवा दिया गया। विपक्ष अगर ये कार्य नहीं करेगा तो फिर सरकार तो पूरी तरह निरंकुश हो जाएगी। भाजपा सरकार और उसके मंत्री पूरी तरह तानाशाही पर उतर आए हैं। गोगी ने कहा कि यही हाल पिछली बरसात में देहरादून शहर का रहा जहां कांग्रेस स्मार्ट सिटी परियोजना के बेतरतीब और अधूरे निर्माण कार्यों को लेकर लगातार आवाज उठाती रही कि इससे डेंगू विकराल हो जाएगा पंर सरकार उस पर काम करने के बजाय डेंगू के आंकड़ों के प्रबंधन में लगी रही। नतीजन पूरे देहरादून शहर में पिछली बरसात में शायद ही कोई हो जिसने कोई न कोई रिश्तेदार डेंगू के कारण न खोया हो। गोगी ने कहा कि सकारात्मक सोच रखते हुए, शासन प्रशासन जयेंद्र रमोला पर दर्ज मुकदमा वापस ले और ठेकेदार के निर्माण कार्यों की गहन जांच करे। गोगी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इन हथकंडों से विचलित होने वाली नहीं है। आगे भी भाजपा सरकार की कमियों को जनता के सामने उजागर किया जाता रहेगा। कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गाधी के डरो मत डराओ मत के आदर्श पर चलते हैं और संघर्षों के आदी हैं। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री मनीष नागपाल, महिंद्रा नेगी, याकूब सिद्दिकी, आलोक मेहता, डॉ अरुण रतूड़ी ,वीरेंद्र पवार, शकील मंसुरी, विकास पुंडीर, फजल, गौरव शर्मा, सूरज क्षेत्री,अर्जुन पासी, नदीम अंसारी, संदीप जैन, विजय प्रसाद भट्टराई, अनिल बसनेट, मुस्तकीम अंसारी, सहजद अंसारी, मारनैन सिंह, अमनदीप सिंह, आदर्श सूद आदि उपस्थित थे।

# स्मैक व नगदी सहित तस्कर दबोचा

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार में नशा तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से 5.2 ग्राम स्मैक व स्मैक बेचकर कमाये 900 रूपये की नगदी बरामद की गयी है।



मामला कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार बीते रोज कोतवाली ज्वालापुर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को रेगुलेटर पुल के पास एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 5.2 ग्राम स्मैक व स्मैक बेचकर कमाये गये 900 रूपये बरामद किये गये। पूछताछ में उसने अपना नाम सुहैल पुत्र इसपाक निवासी ग्राम किसनपुर पोस्ट बहादरपुर जट थाना कनखल जनपद हरिद्वार बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## थम गया चुनाव प्रचारः मतदान 10... ◄◄ पृष्ठ 1 का शेष

यहां चमोली जैसी विसंगति पूर्ण स्थितियां नहीं है मगर पहाड़ में दूरस्थ क्षेत्रों तक पोलिंग पार्टियों का पहुंचना और मतदाताओं का बूथ तक जाना इस भारी बरसात के मौसम में बेहद जटिल है। आज शांतिपूर्ण मतदान की मद्देनजर मंगलौर में पुलिस वालों ने मार्च भी निकाला।

## बारिश से हुआ लोगों का जीवन मुहाल ◄◄ पृष्ठ 1 का शेष

पूरे राज्य में इस दौरान बारिश और भूस्खलन के कारण हाहाकार मचा हुआ है। भले ही प्रशासन द्वारा राज्य में 200 से अधिक जेसीबी मशीनें रास्तों को खोलने के काम में लगाई गई है लेकिन लगातार बारिश के कारण सड़कों को खोलना कठिन हो रहा है। खास बात यह है कि अभी बारिश का यह दौर थमने वाला नहीं है। ऐसे में मैदानी क्षेत्रों में अब इसका असर दिखने लगा है लक्सर क्षेत्र में एक बार फिर बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है वहीं चकराता-कालसी मार्ग भी बंद होने से जौनसार भावर क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियां हो रही है।

# विकास भवन में किया प्लास्टिक बैंक की स्थापना

संवाददाता



देहरादून। सोशल डेवलपमेंट फॉर कम्युनिटीज फाउंडेशन ने विकास भवन में समुदाय आधारित प्लास्टिक बैंक की स्थापना की।

आज यहां प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन की समस्याओं के समाधान के लिए सोशल डेवलपमेंट फॉर कम्युनिटीज (एसडीसी) फाउंडेशन ने देहरादून के विकास भवन में समुदाय आधारित प्लास्टिक बैंक की स्थापना की है। जिले की मुख्य विकास अधिकारी झरना कामठान ने जिले के विकास खंडों के सहयोग से इस पहल के क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने आने वाले दिनों में जिले के ब्लॉक मुख्यालयों पर प्लास्टिक बैंकों से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के महत्व पर बल दिया। विकास भवन में आयोजित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यक्रम के दौरान एसडीसी फाउंडेशन के संस्थापक अनूप नौटियाल, जो प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और उत्तराखंड के विभिन्न सतत विकास मुद्दों जैसे मुद्दों पर काम करते हैं, ने प्लास्टिक बैंक परियोजना पर विस्तृत प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी और विकास भवन स्थित विभिन्न विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। अनूप नौटियाल ने बताया कि उनके संगठन ने प्लास्टिक बैंक परियोजना के माध्यम से पिछले आठ महीनों में देहरादून में 140 प्लास्टिक बैंक स्थापित किए हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वर्तमान में एसडीसी फाउंडेशन 41 विद्यालयों में 25,000 से अधिक विद्यार्थियों के साथ प्लास्टिक बैंक संचालित कर रहा है। इसके अलावा 37 मैगी प्वाइंट, 31 छात्रावास, 7 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, 7 शोरूम, 6 विश्वविद्यालय, महाविद्यालय एवं कई अन्य संस्थानों में प्लास्टिक बैंक स्थापित किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान विकास भवन के विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने अपने विभागों द्वारा संचालित अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन एसडीसी फाउंडेशन के दिनेश सेमवाल ने किया। उन्होंने बताया कि विकास भवन में संचालित विभिन्न विभागों से निकलने वाले प्लास्टिक कचरे के अलावा इस परिसर में कार्यरत सभी कार्मिकों के घरों से निकलने वाले प्लास्टिक कचरे को भी इस प्लास्टिक बैंक के माध्यम से एकत्र कर रिसाइकिल किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान एसडीसी फाउंडेशन के प्यारे लाल एवं गौतम भी मौजूद रहे।

# उपचुनाव के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता मुस्तैद रहेंः माहरा

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि मंगलौर व बद्रीनाथ विधानसभा के उपचुनाव के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता मुस्तैद रहें।

आज यहां उत्तराखंड कांग्रेस के अध्यक्ष करण माहरा ने मंगलौर और बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र के चुनाव में 10 जुलाई को होने वाले मतदान के लिए कांग्रेस जनों से मुस्तैद रहने का आह्वान किया है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप और महामंत्री नवीन जोशी ने यहां जारी एक सयुंक्त वक्तव्य में कहा है कि जिस तरह से सत्ता का दुरुपयोग बद्रीनाथ और के मंगलौर में देखा जा रहा है उससे स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन दोनों चुनाव को बहुत ही प्रतिष्ठा का चुनाव बना लिया है और इस चुनाव को जीतने के लिए वह ताकत के बल पर यह कंेन प्रकरण जीत लेना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि करण माहरा ने दोनों विधानसभा क्षेत्र के जिला अध्यक्ष और अन्य पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह अगले दो दिन में जिन्हें चुनाव की भाषा में 'कत्ल की रात' कहा जाता है सावधान रहने की अपील की है। और दावा किया है कि पार्टी दोनों चुनाव जीत रही है लेकिन जिस तरह से पिछले 10 दिनों में भाजपा ने धनबल और हुकूमत की ताकत का दुरुपयोग किया है उससे स्पष्ट है कि वह किसी भी हालत में इस चुनाव को हारने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संदेश दिया है पूरे देश के कांग्रेस जनों को डरो मत और इसी संदेश को जीत का मूल मंत्र मानते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को बारिश का और किसी भी प्रकार के भय का मुकाबला करते हुए इन चुनाव में पूरी शक्ति से जूझना है और जब तक मतदान पूरा नहीं हो जाता अपने-अपने क्षेत्र में कांग्रेस के एक वीर सिपाही की तरह खड़े रहना है।

# कॉरिडोर योजना में लघु व्यापारियों को भी सम्मिलित करेंः चोपड़ा

संवाददाता




हरिद्वार। रेडी पटरी के लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय चोपडा ने कहा कि कॉरिडोर योजना में लघु व्यापारियों को भी स्थानीय प्रशासन लघु व्यापारियों को भी सम्मलित करें।

आज यहां भारतवर्ष के फुटपाथ के कारोबारी रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों का केंद्रीय संगठन नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (नासवी) की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक नई दिल्ली स्थित लोधी मार्ग इंडिया इंस्टीट्यूट के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह ने की, दो दिवसीय बैठक में भारतवर्ष के 26 राज्यों मे रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स की आजीविका सुरक्षित किए जाने की लक्ष्य पूर्ति की प्रगति रिपोर्ट राष्ट्रीय समन्वयक अरविंद सिंह द्वारा प्रस्तुत की गई। बैठक में उत्तराखंड के रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करते हुए नासवी के राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने उत्तराखंड में रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों की अपेक्षा के साथ ऋषिकेश, हरिद्वार कॉरिडोर जैसी योजना व राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली की धाराओं के अनुरूप कॉरिडोर से प्रभावित होने वाले रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को कॉरिडोर योजना में सम्मलित किए जाने की मांग को प्रमुखता से दोहराया। इस अवसर पर नासवी के राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य उत्तराखंड लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा देश के सभी ऊंचे स्थानों में केंद्र सरकार की निगरानी में कॉरिडोर योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा कॉरिडोर योजना से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले स्थानीय कारोबारी रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स के प्रतिनिधियों को कॉरिडोर से संबंधित बैठकों में सम्मलित नहीं किया जा रहा है जो की दुर्भाग्यपूर्ण है। नासवी की दो दिवसीय बैठक में अपने विचार व्यक्त करते महाराष्ट्र से जय सिंह चौहान, पंजाब से टाइगर सिंह, उत्तर प्रदेश से गोकुल प्रसाद, इरशाद अहमद, अभिषेक निगम, गुजरात से शब्बीर अहमद खान, राजस्थान से रेनू शर्मा, बनवारी शर्मा, चेन्नई मद्रास से महेश्वरानंद, असम से देवजीत, उड़ीसा से प्रदीप कुमार गोसाई, दिल्ली से कंचन देवी, जफर खान, पॉचम्मा देवी, बिहार से राजेंद्र प्रसाद सहित भारतवर्ष के 26 राज्यों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## एक नजर

# टिहरी लेक डेवलपमेंट प्रोजेक्ट पर स्थानीय लोगों के सुझाव लिए जाएः राधा रतूड़ी

संवाददाता



देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि टिहरी लेक डेवलपमेंट प्रोजेक्ट पर स्थानीय लोगों के सुझाव लिए जाएं। आज यहां मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने टिहरी झील तथा इसके कैचमेंट एरिया के सम्पूर्ण विकास हेतु एडीबी (एशियन डेवलपमेंट बैंक ) की गाइडलाइन्स के अनुसार तैयार डीपीआर पर कार्य करने के साथ ही इस तरह के प्रोजेक्ट में सभी स्टेकहोल्डर्स विशेषकर स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उनके सुझाव लेने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए हैं कि पर्यटन विकास के सभी प्रोजेक्ट में पर्यावरणीय हितों का विशेष ध्यान रखा जाए। विशेषरूप से पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यटन विकास की गतिविधियों में सोलिड वेस्ट मेनेजमेंट को शीर्ष प्राथमिकता दी जाए। सीएस ने टूरिज्म एवं इकोलॉजी में संतुलन रखने की नीति का पालन करते हुए सभी टूरिज्म प्रोजेक्ट पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में पर्यटन के विकास से सम्बन्धित सभी प्रोजेक्ट का इस आधार पर मूल्यांकन किया जाए कि इससे कितने स्थानीय लोगों को रोजगार, विकास एवं कल्याण से सम्बन्धित लाभ पहुंचा है। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में टिहरी झील विकास परियोजना पर सतत, समावेशी तथा जलवायु अनुकूल पर्यटन विकास से सम्बन्धित द्वितीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति ( एचपीसी) बैठक के दौरान निर्देश दिए हैं कि इस प्रोजेक्ट के तहत स्थानीय समुदायों को विकास का भागीदार बनाते हुए टिहरी को एक ब्राण्ड पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। सीएस ने निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट के तहत टिहरी शहर के ऐतिहासिक महत्व को पुनः स्थापित करने, पर्यटन की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने, क्षेत्र में सत्त एवं रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म को प्रोत्साहित करने, पलायन रोकने, स्थानीय लोगों की आजीविका के अवसर बढ़ाने तथा क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों को कम से कम 3 तीन दिन तक यहां रहने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि 1294 करोड़ रूपये लागत के एडीबी सहायता प्राप्त टिहरी लेक प्रोजेक्ट के तहत 52 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के लगभग 103 गांवों की लगभग 96875 आबादी को लाभ पहुंचेगा। प्रोजेक्ट के तहत डोबरा चांटी, तिवार गांव, कोटी कॉलोनी, न्यू टिहरी, मदन नेगी तथा झील कलस्टर में विभिन्न पर्यटन सुविधाओं को विकास किया जाएगा। बैठक में सचिव आर मीनाक्षीसुन्दरम, सचिन कुर्वे, दिलीप जावलकर, पंकज कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा को दी श्रद्धांजलि

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। 84 उत्तराखंड वाहिनी एनसीसी, रुड़की के एनसीसी कैडेट्स द्वारा कमान अधिकारी कर्नल रामाकृष्णन रमेश के दिशानिर्देशन में 'कारगिल विजय दिवस' की रजत जयंती के उपलक्ष्य में डोगराई का शेर महावीर चक्र विजेता अमर शहीद मेजर आशा राम त्यागी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया व 'भारत माता की जय' के जयकारे लगाए।

इस अवसर पर बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमन कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि आज के दिन कारगिल युद्ध मे अपने प्राणों की आहुति देने वाले परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा का बलिदान दिवस है। कारगिल युद्ध के नायकों में से एक की शौर्य गाथा का व्याख्यान करते हुए उन्होंने बताया कि विक्रम बत्रा को उनकी रेजिमेंट में 'शेरशाह' के नाम से बुलाया जाता था और कारगिल युद्ध के समय द्रास सेक्टर की सबसे महत्वपूर्ण चोटियों में से एक 5140 पॉइंट पर कब्जे के जिम्मेदारी दी गई थी जिसको फतेह करने के बाद उन्होंने रेडियो ट्रांसमीटर द्वारा यह संदेश भेजा था, 'चाणक्य..शेरशाह रिपोर्टिंग, हमने पोस्ट पर कब्जा कर लिया है ! यह दिल मांगे मोर', जो बाद में कारगिल युद्ध की कैच लाइन बन गया था। कैप्टन विक्रम बत्रा एक भूतपूर्व एनसीसी कैडेट थे व उनके द्वारा एनसीसी कैडेट रहते हुए गणतंत्र दिवस परेड में भी हिस्सा लिया गया था। आईएमए से पास होने के उपरांत 13 जैक रिफ में कमीशंड हुए कैप्टन विक्रम बत्रा द्वारा कारगिल युद्ध में पाकिस्तान के विरुद्ध लड़ाई करते हुए मात्र 24 वर्ष की उम्र मे देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया और भारत को कारगिल के युद्ध मे ऐतिहासिक जीत दिलाई । कार्यक्रम के सफल संचालन में बटालियन के प्रशिक्षण अधीक्षक रवि कपूर द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गयी । इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स एसयूओ सुमन जोशी, एसयूओ आदित्य राणा, यूओ रुद्र प्रताप सिंह, खुशी पंवार, ज्योतिर्मय सपरा, अमीषा धामी, श्रुति, रजत रावत, प्रिया कोरी, सिया रावत, दिव्या कठैत, प्रियंका दत्ता, अभिमन्यु पांडेय, सृस्टि, अभिमन्यु पांडेय, शिवानी आदि उपस्थित रहे।

# राजधानी दून में 82 लाख की स्मैक बरामद, दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने दो थाना क्षेत्रों से दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 82 लाख रूपये की स्मैक बरामद कर ली। दोनों ने बताया कि वह बरेली, बिजनौर व सहारनपुर से यह स्मैक लेकर आये है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि इन दिनों जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में नशा तस्करों के विरुद्व प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है, बताया कि इस क्रम में गत दिवस थाना सेलाकुई पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान राजा रोड, मजार के पास, सेलाकुई से एक युवक वाजिद पुत्र अख्तर निवासी ग्राम खुजनावर, थाना फतेहपुर, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश को 172 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में वाजिद द्वारा बताया गया कि वह जनपद सहारनपुर का निवासी हैं तथा बरेली निवासी अपने रिश्तेदार इंतजार से उक्त स्मैक को कम दामों पर खरीदकर इंडस्ट्रियल एरिया तथा शैक्षिक



## बरेली, बिजनौर व सहारनपुर से आ रही है नशे की सामग्री

संस्थानों के आसपास स्थानीय लोगो व छात्रो को स्मैक बेचकर मुनाफा कमाता है। पूछताछ के आधार पर प्रकाश में आये इंतजार की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे है। इससे पूर्व भी 5 जुलाई 2024 को सेलाकुई पुलिस द्वारा सहारनपुर के 1 नशा तस्कर को 7976 नशीले कैप्सूलो के साथ गिरफ्तार किया गया था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 51 लाख 60 हजार रुपए है। वहीं बीती रात एएनटीएफ देहरादून तथा कोतवाली नगर की सयुंक्त टीम द्वारा लक्ष्मण चौक क्षेत्र में चैकिंग के दौरान मालवीय रोड से संदिग्धता के आधार पर एक व्यक्ति को चैकिंग के लिये रोकने का प्रयास किया गया, तो उक्त व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगा, जिसे पुलिस द्वारा मौके पर दबोचकर उक्त व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उसके पास से 101. 94 ग्राम अवैध स्मैक, इलैक्ट्रानिक तराजू तथा नकदी बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम मकसूद पुत्र दिलदार अहमद, निवासी ईनामपुरा, थाना मण्डावर, जिला बिजनौर, उत्तरप्रदेश, हाल निवासी निकट शर्मा स्कूल, गांधीग्राम कोतवाली नगर बताया। पूछताछ में उसके द्वारा बताया गया कि वह पूर्व में राजमिस्त्री का कार्य करता था, इस दौरान उसकी पहचान राशिद पुत्र अनवर, निवासी आजाद कालोनी से हुई जो स्मैक सप्लाई का कार्य करता था, आरोपी द्वारा जल्दी पैसा कमाने के लालच में राशिद के साथ मिलकर स्मैक सप्लाई का काम करने लगा, उक्त स्मैक को स्थानीय नशेडियो तथा शिक्षण संस्थानो के छात्रो को बेचकर मुनाफा कमाता था। आज भी आरोपी उक्त स्मैक को राशिद से खरीदकर लाया था, जिसे पुलिस द्वारा चैकिंग के द्वारा आरोपी से बरामद किया गया। पूछताछ के आधार पर प्रकाश में आये राशिद पुत्र अनवर, निवासी आजाद कालोनी की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# शराब के साथ महिला सहित दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने परशुराम चौक के पास एक महिला को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडी हुई। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 70 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम सुमन पत्नी सुनील निवासी कुंए वाली गली शांतिनगर बताया। वहीं ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने भरत विहार गैस एजेन्सी के पास से एक युवक को 54 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिसने अपना नाम ऋषि कश्यप पुत्र राजू कश्यप निवासी सर्वहारा नगर बताया।

# स्कूटी सवार ने युवती से लूटा मोबाइल

संवाददाता

देहरादून। स्कूटी सवार बदमाश ने युवती के हाथ से मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्या विहार निवासी कृष्णा ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह बाजार से घर की तरफ जा रही थी। जब वह कारगी रोड पर पहुंची तभी पीछे से आ रहे स्कूटी सवार ने उसके हाथ पर झपटा मारा और उसका मोबाइल लूट कर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# व्यापारियों ने उत्पीड़न के चलते किया कोटद्वार बाजार बंद



हमारे संवाददाता

पौड़ी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड से संबद्ध नगर उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों ने नगर निगम की ओर से की जा रही अतिक्रमण और चिन्हीकरण की कार्रवाई के विरोध में आज कोटद्वार बाजार बंद रखा। इस दौरान व्यापारियों ने उप जिलाधिकारी कोटद्वार के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित कर चार सूत्रीय मांगों के निस्तारण की मांग की है।

आज सुबह बाजार के सभी व्यापारी हिंदू पंचायती धर्मशाला में एकत्र हुए जहां से नगर निगम के विरोध में नारेबाजी करते हुए व्यापारियों का जुलुस कोटद्वार तहसील पहुंचा, जहां पर उन्होंने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रवीण भाटिया ने कहा कि नगर निगम कोटद्वार की ओर से बद्रीनाथ और गोखले मार्ग को टारगेट बनाते हुए व्यापारियों के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्यवाही की जा रही है। जिससे व्यापारियों में रोष बना हुआ है उन्होंने मुख्यमंत्री धामी को भेजे गए ज्ञापन में कहा कि नगर निगम की ओर से अतिक्रमण की कार्यवाही सिर्फ बाजार में और विशेष कर त्यौहारी सीजन के दौरान की जाती है। उन्होंने कहा कि नगर निगम वार्ड नंबर 1 से वार्ड नंबर 40 तक सभी सरकारी और गैर सरकारी अतिक्रमण को चिन्हित कर सिलसिले वार एक छोर से दूसरे छोर तक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पूरे नगर निगम क्षेत्र में अतिक्रमण कर रहे दूर संचार विभाग के हजारों खंबो को तुरंत हटाया जाए साथ ही निगम क्षेत्र में सफाई और पार्किंग की व्यवस्था की जाए। इस दौरान व्यापार मंडल ने ज्ञापन की प्रतिलिपि शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और जिलाधिकारी पौड़ी को भी प्रेषित किया।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*